वी.यू. माननीय कुलपति का आदर्श गौ-शाला, जनजाति कल्याण केन्द्र महाकौशल बरगांव, शहपुरा, जिला डिंडोरी का भ्रमण

जबलपुर। आज दिनांक 23 अगस्त 2020 को माननीय डॉ. सीता प्रसाद तिवारी, कुलपति एवं डॉ. विनोद बाजपेई, कुलसचिव ना.दे.प.चि.वि.वि, जबलपुर कि अभिप्रेरणा से महाकौशल अंचल में स्थित जनजाति कल्याण केन्द्र, बरगांव, शहपुरा, जिला डिंडोरी का भ्रमण किया। वि वि, पशुपालन विभाग के अधिकारियों एवं केन्द्र के पदाधिकरियों के साथ समीक्षा बैठक हुई, जिसमें जनजातीय क्षेत्रों को आत्मनिर्भर बनाने की दशा में" पशुधन आधारित एकीक्रत प्रणाली द्वारा जनजाति कृषकों / पशुपालकों का सशक्तिकरण" पर परियोजना के प्रस्ताव तैयार करने हेतु आवश्यक दिशा -निर्देश दिए गए। तदोपरांत केन्द्र की संचालित कल्यणकारी गतिविधियों: आदर्श गौ-शाला, जैविक कृषि शिक्षा, आस्था जागरण, वाचनालय, कौशल विकास, पर्यावरण एवं जल संरक्षण, स्वास्थ, कैरियर परामर्श, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक सुरक्षा, पशु स्वास्थ शिविर, जैविक फलोधन, औषधि उद्यान, विभिन्न सब्जियां एवं उच्च गुणवतता व विभिन्न किस्म के हरे चारे के प्रक्षेत्रों का भ्रमण बारीकी से अवलोकन करते हुए, आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सृजनात्मक कार्यों की भूरी- भूरी प्रशंशा की एवं केन्द्र को इस हेतु बधाई प्रेषित की गई।

इस अवसर पर गौ - वंश के संतुलित आहार पोषण एवं स्वास्थ खनिज लवण के पैकेट तथा वि.वि. द्वारा विकसित पशुपालन संबंधी साहित्य सामग्रियां प्रदान की गई।

इस भ्रमण के दौरान डॉ. सुनील नायक, संचालक विस्तार शिक्षा, डॉ. ए.के. गौर, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी, डॉ. हरी आर, सह. प्राध्यापक, डॉ. सुनील बाजपेई, उपसंचालक पशु. चि. सेवाएं, डॉ.एस.के. बिलैया, वैज्ञानिक, जे. ने. कृषि वि.वि., श्री ज्ञानेंद्र सिंह , श्री मनोहर लाल साहू, उपाध्यक्ष एवं श्री जाम सिंह सेंडे, एवं समस्त पदाधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति उललेखनीय रही।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., अधारताल जबलपुर

वी.यू. माननीय कुलपति का आदर्श गौ–शाला जनजाति कल्याण केन्द्र महाकौशल